# Bihar Board Class 8 Social Science Important Questions Geography Chapter 3 उद्योग

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
कच्चे माल के उपयोग के आधार पर उद्योगों के वर्गीकरण को स्पष्ट करें।
उत्तर:
कच्चे माल के उपयोग के आधार पर उद्योगों को कृषि आधारित, खनिज आधारित, समुद्र आधारित और वन आधारित उद्योगों में बाँटा जाता है।

प्रश्न 2.
किन्हीं दो वन आधारित उद्योगों के नाम बताइये।
उत्तर:

- लुगदी एवं कागज उद्योग
- फर्नीचर उद्योग।

प्रश्न 3.
सहकारी क्षेत्र के उद्योग से क्या अभिप्राय है?
उत्तर:
सहकारी क्षेत्र के उद्योगों का स्वामित्व और संचालन कच्चे माल के उत्पादकों या पूर्तिकारों, कामगारों अथवा दोनों द्वारा होता है।

प्रश्न 4.
औद्योगिक प्रदेश का विकास कब होता है?
उत्तर:
औद्योगिक प्रदेश का विकास तब होता है जब कई तरह के उद्योग एक-दूसरे के निकट स्थित होते हैं और वे अपनी निकटता के लाभ आपस में बाँटते हैं।

प्रश्न 5.
प्रगलन का क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
प्रगलन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें धातुओं को उसके अयस्कों द्वारा गलनांक बिन्दु से अधिक तपाकर निष्कर्षित किया जाता है।

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 6.
विश्व के कोई दो प्रमुख उद्योगों के नाम बताइए।
उत्तर:

- लोहा-इस्पात उद्योग
- सूती वस्त्र उद्योग।

प्रश्न 7.
सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के कोई दो प्रमुख केन्द्रों के नाम बताइए।
उत्तर:

- कैलिफोर्निया की सिलिकॉन घाटी
- भारत में बंगलौर प्रदेश।

प्रश्न 8.
सनराइज़ उद्योग किसे कहते हैं?
उत्तर:
उभरते हुए उद्योगों को सनराइज उद्योग कहा जाता है, जैसे-सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य लाभ, सत्कार तथा ज्ञान से संबंधित उद्योग आदि।

प्रश्न 9.
स्वतन्त्रता प्राप्ति से पूर्व भारत में स्थापित एकमात्र इस्पात कारखाने का नाम बताइए।
उत्तर:
टाटा आयरन एंड स्टील कम्पनी (टिस्को), जमशेदपुर।

प्रश्न 10.
जापान के किस वस्त्र निर्माण केन्द्र को 'जापान का मानचेस्टर' कहा जाता है?
उत्तर:
जापान के ओसाका को 'जापान का मानचेस्टर' कहा जाता है।

प्रश्न 11.
टेक्सटाइल शब्द की उत्पत्ति के बारे में बताइये।
उत्तर:
टेक्सटाइल शब्द की उत्पत्ति लैटिन के 'टेक्सियरे' शब्द से हुई है जिसका अर्थ बुनना होता है।

प्रश्न 12.
देश के प्रथम वस्त्र उद्योग की स्थापना कब एवं कहाँ हुई थी?
उत्तर:
देश के प्रथम वस्त्र उद्योग की स्थापना 1818 ई. में कोलकाता के समीप फोर्ट गैलेस्टर में हुई थी लेकिन कुछ समय बाद यह बन्द हो गया था।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

evidyarthi

प्रश्न 1.
कच्चे माल के उपयोग के आधार पर उद्योगों के विभिन्न प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
कच्चे माल के उपयोग के आधार पर उद्योगों को चार भागों में बाँटा जाता है-

- कृषि आधारित उद्योग-ये उद्योग कच्चे माल के रूप में वनस्पति और जन्तु आधारित उत्पादों का उपयोग करते हैं।
- खनिज आधारित उद्योग-ये उद्योग कच्चे माल के रूप में खनिज अयस्कों का उपयोग करते हैं।
- समुद्र आधारित उद्योग-ये उद्योग सागरों और महासागरों से प्राप्त उत्पादों का उपयोग कच्चे माल के रूप में करते हैं।
- वन आधारित उद्योग-ये उद्योग वनों से प्राप्त उत्पाद का उपयोग कच्चे माल के रूप में करते हैं।

प्रश्न 2.
आकार के आधार पर उद्योगों के वर्गीकरण को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
आकार के आधार पर उद्योगों को दो भागों में विभाजित किया जाता है-

- लघु आकार के उद्योग-लघु आकार के उद्योगों में कम पूँजी तथा प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाता है तथा उत्पादन की मात्रा भी कम होती है। उदाहरण के लिए, रेशम बुनाई और खाद्य प्रक्रमण उद्योग।
- बृहत् आकार के उद्योग-इन उद्योगों में अधिक पूँजी तथा उच्चस्तरीय प्रौद्योगिकी की सहायता से भारी मात्रा में उत्पादन किया जाता है। जैसे-इस्पात उद्योग और ऑटोमोबाइल उद्योग।

प्रश्न 3.
स्वामित्व के आधार पर उद्योगों के वर्गीकरण को स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
स्वामित्व के आधार पर उद्योगों को निम्न चार भागों में बाँटा जा सकता है-

- निजी क्षेत्र के उद्योग-इन उद्योगों का स्वामित्व तथा संचालन या तो एक व्यक्ति द्वारा या व्यक्तियों के समूह द्वारा किया जाता है।
- सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग-इन उद्योगों का स्वामित्व तथा संचालन सरकार के हाथ में होता है।
- संयुक्त क्षेत्र के उद्योग-इन उद्योगों का स्वामित्व तथा संचालन सरकार एवं निजी उद्योगपतियों दोनों के हाथ में होता है।
- सहकारी क्षेत्र के उद्योग-इन उद्योगों का स्वामित्व और संचालन कच्चे माल के उत्पादकों या पूर्तिकारों, कामगारों अथवा दोनों द्वारा होता है।

प्रश्न 4.
उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में संचार, परिवहन, भूमि, विद्युत, कच्चा माल, श्रम, पूँजी, बाजार, जल आदि को शामिल किया जाता है। उद्योग उन्हीं स्थानों पर केन्द्रित होते हैं जहाँ

https://www.evidyarthi.in/

इनमें से कुछ या ये सभी कारक आसानी से उपलब्ध होते हैं। कभी-कभी सरकार कम दाम पर विद्युत उपलब्धता, कम परिवहन लागत तथा आधारभूत संरचना जैसे प्रोत्साहन प्रदान करती है ताकि पिछड़े क्षेत्रों में उद्योगों का विकास हो सके।

प्रश्न 5.
औद्योगिक तन्त्र पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
औद्योगिक तन्त्र में निवेश, प्रक्रम और निर्गत शामिल हैं। निवेश में कच्चे माल, श्रम और भूमि की लागत, जल, परिवहन, विद्युत और अन्य आधारभूत संरचना शामिल हैं। प्रक्रम में कई तरह के क्रियाकलाप शामिल हैं जो कच्चे माल को परिष्कृत माल में परिवर्तित करते हैं। निर्गत अन्तिम उत्पाद और इससे अर्जित आय है। उदाहरण के लिए, सूती वस्त्र उद्योग के सन्दर्भ में कपास, मानव श्रम, कारखाना और परिवहन लागत निवेश हो सकते हैं; प्रक्रमों में ओटाई. कटाई, बुनाई, रंगाई और छपाई शामिल हैं तथा उससे निर्मित शर्ट-पेन्ट उत्पादन. हैं।

प्रश्न 6.
उद्योगों में जोखिम कम करने के उपाय बताइये।
उत्तर:
उद्योगों में जोखिम कम करने के उपाय निम्नलिखित हैं-

- घने बसे आवासीय क्षेत्रों को औद्योगिक क्षेत्रों से अलग दूर रखा जाना चाहिए।
- उद्योगों के समीप बसने वाले लोगों को दुर्घटना होने की स्थिति में विषैले एवं खतरनाक पदार्थों के संग्रहण और उनके सम्भव प्रभावों का ज्ञान होना चाहिए।
- आग की चेतावनी और अग्निशमन की व्यवस्था को उन्नत किया जाना चाहिए।
- विषैले पदार्थों के भण्डारण क्षमता की सीमा निर्धारित होनी चाहिए।
- उद्योगों में प्रदूषण नियन्त्रण के उपायों को उन्नत किया जाना चाहिए।

प्रश्न 7.
सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग वर्तमान युग का एक उभरता हुआ उद्योग है। यह सनराइज उद्योग के नाम से भी जाना जाता है। सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के प्रमुख केन्द्रों में कैलिफोर्निया की सिलिकॉन घाटी तथा भारत का बंगलौर शहर है।

प्रश्न 8.
औद्योगिक प्रदेश पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
औद्योगिक प्रदेश का विकास तब होता है जब कई तरह के उद्योग एक-दूसरे के निकट होते हैं और वे अपनी निकटता के लाभ आपस में बाँटते हैं। विश्व के प्रमुख औद्योगिक प्रदेश पूर्वोत्तर अमेरिका, पश्चिमी और मध्य यूरोप, पूर्वी यूरोप और पूर्वी एशिया हैं। मुख्य औद्योगिक प्रदेश अधिकांशतः शीतोष्ण कटिबन्धीय क्षेत्रों, समुद्री पत्तनों के समीप और विशेष तौर पर कोयला क्षेत्रों के निकट स्थित होते हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 9.
ग्रेट लेक्स के बारे में आप क्या जानते हैं?

उत्तर:
ग्रेट लेक्स उत्तरी अमेरिका में स्थित है। इसमें पाँच झीलें शामिल हैं, जिनके नाम हैं-
(i) सुपीरियर (ii) ह्यूरन (iii) ओंटारियो (iv) मिशीगन (v) ईरी। इन पाँचों झीलों में से सुपीरियर झील सबसे बड़ी है जो अन्य की तुलना में उच्च ऊर्ध्वप्रवाह पर स्थित है।

evidyarthi

https://www.evidyarthi.in/